# भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद
## Physical Research Laboratory, Ahmedabad

## सैक हिंदी तकनीकी संगोष्ठी 2026 रिपोर्ट

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक/इसरो), अहमदाबाद द्वारा दिनांक 09-10 जुलाई 2026 को “सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय” विषय पर दो दिवसीय हिंदी तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह हिंदी तकनीकी संगोष्ठी सैक, अहमदाबाद द्वारा आयोजित की गई, जिसमें पीआरएल के सभी परिसरों ने प्रतिभागी सदस्य के रूप में भाग लिया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला थे।

प्रो. अनिल भारद्वाज, निदेशक, पीआरएल इस संगोष्ठी में अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रो. नीरज रस्तोगी सैक हिंदी तकनीकी संगोष्ठी 2026 के मुख्य समिति में पीआरएल से प्रतिनिधि सदस्य थे। इस संगोष्ठी में पीआरएल से निम्नानुसार सदस्यों ने लेख प्रस्तुति दी:

| क्रमांक | लेखक | प्रस्तुति का विषय |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. भुवन जोशी, प्रोफेसर | अत्यंत तीव्र सौर किरीटीय द्रव्यमान उत्सर्जन की उत्पत्ति का बहु-तरंगदैर्ध्य अध्ययन: आदित्य-एल1 और भू-आधारित प्रेक्षणों का समन्वय- मौखिक प्रस्तुति |
| 2. | प्रो. जे.पी. पाबारी, प्रोफेसर | शुक्र ग्रह पर वायुमंडल बिजली के इन-सीटू डिटेक्टर (VALID) का डिज़ाइन- मौखिक प्रस्तुति |
| 3. | श्री कपिल कुमार, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस.ई. | मध्यम-विभेदन स्पेक्ट्रोग्राफ 'सागर' का अभिकल्पन एवं विकास- पोस्टर प्रस्तुति |
| 4. | श्री प्रशांत जांगिड़, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस.डी. | साइबर-सुरक्षा एवं व्यक्ति विशेष: कृत्रिम बुद्धिमत्ता किस प्रकार भारत में व्यक्तिगत साइबर-सुरक्षा को कमजोर कर रही है।- मौखिक प्रस्तुति |
| 5. | श्रीमती सृष्टि शर्मा, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस.डी. | स्तरीय घटक-आधाररत REST आर्किटेक्चर- मौखिक प्रस्तुति |
| 6. | श्रीमती संगीता वर्मा, वैज्ञानिक अधिकारी-सी | प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र में मीथेन की गतिशीलता का अनुवीक्षण- पोस्टर प्रस्तुति |
| 7. | श्री वैभव वरीश सिंह राठौड़, वैज्ञानिक/इंजीनियर-एस.डी. | कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उदय- मौखिक प्रस्तुति |
| 8. | श्री अवध कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक-ए | उत्कृष्ट गैसों द्वारा सामान्य कॉन्ड्राइट महादेवा (H5) एवं धजाला (H3.8) का अध्ययन- पोस्टर प्रस्तुति |

इस कार्यक्रम में हिंदी अनुभाग से निम्नलिखित सदस्यों ने प्रतिभागिता की:

| | |
|---|---|
| 1. | श्रीमती रुमकी दत्ता, उप निदेशक (रा.भा.) |
| 2. | श्री सौरभ गोयल, सहायक (राजभाषा) |

इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों नें भिन्न-भिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। सभी प्रस्तुतियां ज्ञानवर्धक एवं रोचक रही। प्रो. डी. पल्लमराजू, डीन, पीआरएल द्वारा एक सत्र की अध्यक्षता की गई एवं प्रो. सोम कुमार शर्मा द्वारा एक सत्र का संचालन किया गया।

पीआरएल के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक संध्या में भी प्रस्तुतियां दी गई, इसमें प्रस्तुति देने वाले सदस्य निम्नानुसार है:

| | | |
|---|---|---|
| **गायन प्रस्तुति** | 1. श्री ऐ. शिवम् | 4. श्री संजन रॉयचौधरी |
| | 2. डॉ. निखिल वांगेटी | 5. श्री ऋषिकेश शर्मा |
| | 3. सुश्री चित्रा राघवन | 6. श्री जेकब सेबस्टियन |
| **नृत्य प्रस्तुति** | 1. श्रीमती टी.एस. नीतू | 2. सुश्री अंबीली जी. |

***हिंदी तकनीकी संगोष्ठी की झलकियां***








